nandgaon times 19nov-3.qxd 11/18/2024 11:58 PM Page 1

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के... पृष्ठ 2 | श्रीराधे मिनरल्स बना अग्रसेन... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

मंगलवार, 19 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 37, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

## बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने बनेगा टूरिज्म कॉरिडोर : विष्णु देव साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में बस्तर में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर श्री साय ने सौर समाधान और मनो बस्तर एप्प लॉन्च किया तथा सौर ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धूड़मारास गांव के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बस्तर को नई पहचान मिली है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धूड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर और सरगुजा के विकास पर अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित किया है। इन क्षेत्रों के विकास में आदिवासी विकास प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। सीएसआर मद में भी काफी राशि उपलब्ध है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र और राज्य दोनों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए संवेदनशील सरकारें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादी आतंकवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में राज्य में बेहतर काम हो रहा है। माओवादी आतंकवाद छोटे से क्षेत्र में सिमट कर रह गया है। हम लोगों ने बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। यह तभी होगा जब शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। यह विश्वास विकास से ही निर्मित होगा।




मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत 34 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं जहां ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही हैं। बस्तर में शांति कायम हो, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारें सतत प्रयास कर रही हैं। बैठक में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों से अमूल्य सुझाव मिले। सभी टीम भावना से काम करके विकास के प्रति एकजुटता दिखाएं। मुख्यमंत्री श्री साय ने केशकाल घाट सुधार कार्य को जल्द पूर्ण कराने और प्राधिकरण मद से स्वीकृत सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने निर्देशित किया। उन्होंने कलेक्टर बस्तर को देवगुड़ी, मातागुडी के अप्रारंभ कार्यों को डेढ़ महीने में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने दंतेवाड़ा के ग्राम नेरली, धुरली में लाल पानी की समस्या सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एनएमडीसी को समाधानकारक उपाय करने के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर संयुक्त बैठक कर आवश्यक पहल करें। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नियद नेल्लानार जैसी योजना और बस्तर ओलंपिक का आयोजन मुख्यमंत्री जी के विकास की पहल को दर्शाता है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने मत्स्यपालन, डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने नदी किनारे विद्युत लाईन बिछाने, अटल व्यावसायिक परिसर, एफ्पीआरए क्लस्टर में सामूहिक खेती को प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए।

## विस अध्यक्ष रमन सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज राजभवन में माननीय




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका छत्तीसगढ़ की पुण्य धरती पर स्वागत किया। अब जबकि जल्द ही हमारा छत्तीसगढ़ अपने 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है तब इस आत्मीय मुलाक़ात के दौरान आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी को हमारे प्रदेश के विधानसभा प्रांगण और आदिवासी संस्कृति से रचे-बसे बस्तर में माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया।

## विभागो में 8.00 करोड़ का बिजली बिल बकाया

**नोटिस के बाद मिलेगा 15 दिन का समय**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरकारी विभागों से शासन की विभिन्न योजनाओं का कियान्वयन और संचालन होता हैं इसके लिए



अलग-अलग विभागों, कार्यालय तथा साखाएँ बनाई गई है। जनसुविधा के लिए नगरीय निकाय, अस्पताल जैसी अन्य सेवाएँ इस संभाग में मौजूद है। इन विभागों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिये गये है। अधिकांश विभागों में कई वर्षों से बकाया बिजली बिल का भुगतान नही हुआ है, जिसके कारण हर माह बिल का बोझ बढ़ते चला जा रहा है, जिसके चलते डोंगरगांव संभाग अंतर्गत जल संसाधन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थय विभाग, महिला बाल विकास विभाग, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत जैसे अनेक विभागों में बिल भुगतान हेतु बकाया राशि 08 करोड़ 17 लाख 94 हजार बकाया राशि हैं। इसमें से सर्वाधिक बकाया राशि ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 04 करोड़ 40 लाख 92 हजार बिजली बिल बकाया है। एवं नगर पंचायत का 03 करोड़ 30 लाख 82 हजार बकाया हैं। तथा इसी प्रकार जल संसाधन विभाग (शासकीय ट्यूबवेल) का 16 लाख 40 हजार बकाया राशि है। उक्त ऑकड़ा सितम्बर 2024 का हैं। उक्त कविभाग चुनिंदा विभाग है जिसका बकाया राशि करोड़ों में हैं। ऐसे और भी विभाग है जिनके द्वारा बिल का भुगतान नही किया जा रहा है। इसके लिए सभी बकाया राशि वाले विभागो को नोटिस दिया गया है। नोटिस के 15 दिवस के बाद भी बिल भुगतान नही किये जाने पर लाईन विच्छेदन की कार्यवाही की जावेगी। नीचे उल्लेखित विभाग जिनका लंबे समय से भुगतान प्राप्त नही हुआ है इन विभागो पर बकाया है जनपद पंचायत, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थय विभाग, राजस्व/तहसील, जनजातीय कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभागइन सभी विभागों को बकाया राशि का नोटिस जारी किया गया है।

### नगर पंचायत का बिजली बिल 3 करोड़ 31 लाख बकाया नोटिस जारी किया

## ब्राजील पहुंचने पर पीएम मोदी का हुआ वैदिक मंत्रोच्चार से स्वागत

**अरविन्द तिवारी**

**ब्रासिलिया ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जी -20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने यहां के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के निमंत्रण पर जिनपिंग रियो डी जनेरियो ब्राजील पहुंच चुके हैं। यहां डी जेनेरियो पहुंचने पर ब्राजील में भारतीय राजदूत सुरेश रेड्डी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का ब्राजील में भारतीय समुदाय के सदस्यों द्वारा रियो डी जेनेरियो के होटल नैशनल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया , यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार और भारतीय शास्त्रीय संगीत के बीच उनका स्वागत किया। लोगों ने भारत का राष्ट्रीय ध्वज लेकर पीएम के स्वागत में च्मोदी-मोदीज् के नारे लगाये , वहीं पीएम ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया। उन्होंने वहां आये भारतीयों के साथ फोटो भी खिंचवाई और उनसे हाथ मिलाते भी नजर आये। पीएम मोदी ने गर्मजोशी और जीवंत स्वागत के लिये ब्राजील के लोगों का आभार जताया। उन्होंने सोशल



मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि मैं जी -20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिये ब्राजील के रियो डी जनेरियो में उतरा। रियो डी जनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से बहुत प्रभावित हूं , उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है जो हमें महाद्वीपों से बांधती है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि वे शिखर सम्मेलन में विभिन्न वैश्विक नेताओं से मिलने और शिखर सम्मेलन के विचार विमर्श और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ सार्थक बातचीत के लिये उत्सुक हैं। उन्होंने एयरपोर्ट पर अपने स्वागत की तस्वीरें भी शेयर करते हुये ब्राजील में भारतीय संस्कृति का जश्न ! रियो डी जेनेरियो में यादगार स्वागत के लिये सभी का आभार जताया है। बताते चलें कि तीन देशों की पंचदिवसीय अपनी विदेश यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में 18 और 19 नवंबर को होने वाले उन्नीसवें जी -20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यहां पीएम मोदी के साथ चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके अमेरिकी समकक्ष जो बिडेन भी रियो डी जनेरियो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेताओं में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी रियो डी जेनेरियो में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद अपनी यात्रा के तीसरे और अन्तिम चरण में राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली के निमंत्रण पर गुयाना रवाना होंगे। वे 19 से 21 नवम्बर तक वहां के जॉर्जटाउन में दूसरे कैरिकॉम-भारत शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उनकी गुयाना की यात्रा इस मायने में खास है क्योंकि किसी भारतीय प्रधानमंत्री की वर्ष 1968 के बाद यह पहली यात्रा है।

## पदुमतरा में 7 दिवसीय रामलीला महोत्सव का पूजा आरती कर हुआ शुभारंभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड के ग्राम पदुमतरा में श्री सत्य सांई राम लीला मंडली बेलौदी बालोद के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा 17 नवंबर से 23 नवंबर तक रात्रि 8 से 10.30 तक 7 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ललिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप पूर्व सरपंच मोहन साहू, दुर्गा साहू, उमेंद्र साहू, उत्तम साहू, खेलन साहू, अनिता गंधर्व, कुमारी साहू, दया बाई साहू, हरिकिशन सेन, रिखी राम साहू, दिनु साहू, पवन महोबिया, राकेश गौतम सहित अन्य उपस्थित अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंगल आरती-पूजा करके श्री



रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू ने कहा कि हमारे लिए गौरव का छण है कि हमे 7 दिवस तक रामलीला सुनने व देखने का अवसर मिलेगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है। रामलीला मंचन के जरिये इसको समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाता है, जिससे लोगों को प्रेरणा मिले। श्रीराम लीला के माध्यम से हमे प्रभु श्रीराम के जीवन के माध्यम से जीने की कला को सीखने का अवसर मिलता है। सार्वजनिक जीवन मे हमे कैसे रहना है। सभी रिश्तों को कैसे निभाना है, मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के जीवनी से सीखने को मिलता है। लीला प्रारंभ दिवस में ही जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व आसपास के ग्रामीणजन शामिल हुए।

## पासा (चौसर) प्रतियोगिता में अव्वल इनाम दस हजार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के लखोली वार्ड नंबर 35 व 36 स्थित दुर्गा चौक (कर्मा माता भवन) में आगामी 23 नवंबर को भव्य पासा (चौसर) प्रतियोगिता आयोजित है । इस संबंध में आयोजन समिति के अध्यक्ष चेतन लाल साहू, उपाध्यक्ष रिकेश कुमार साहू ,सचिव फत्ते लाल साहू तथा संरक्षक हीरामन साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 500 रुपये रखा गया है। नियम व शर्तों के साथ आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रुपये, द्वितीय 5 000 रुपये, तृतीया 2000 और चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपये रखा गया है।



## अवैध कॉलोनी में पार्षद निधि से रोड निर्माण , वाह रे नगर निगम, किसे होगा फायदा





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को वैध करने के फंडा में निगम अधिकारियों ने कई तरह के जादुई दस्तावेजी डंडा चला रखे है ।हाल ही में प्रकाश में आया है राजनांदगांव निगम क्षेत्र के माहामाया चौक से डोंगरगांव रोड में स्तिथ रिध्धि सिध्धि कालोनी से लगा हुवा गुप्ता परिवार के निजी भूमि में 10 लाख रूपये की राशी स्वीकृत कर पार्षद निधि से लाखो खर्च कर सी सी रोड का निर्माण को अंजाम दिया गया है द्य उक्त सड़क निर्माण में की गयी खर्च रेरा नियमो को अनदेखी कर की गयी है द्य सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक खसरा न.505/1 जो कि गुप्ता परिवार रायपुर के नाम पर दर्ज है जो कि आज भी कृषि भूमि के नाम से दर्ज है जंहा पास के कालोनी वासियों को फायदा पहुचाने उक्त कार्य को अंजाम दिया गया है । जानकारों का सवाल है कि नियमों से खिलवाड़ कर अवैध कॉलोनी काटने वालों पर कभी कोई कार्रवाई होगी या नहीं? इसके अलावा भविष्य में नई अवैध कॉलोनी न बने इसके लिए कोई पुख्ता इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं।

**वार्ड के गड्ढे दार सडक रहवासियों को कोई राहत नहीं**

जानकारों का मानना है कि इन कॉलोनियों में रहने वाले हजारो लोगों के जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा, क्योंकि विकास के नाम पर अधिकारी से लेकर वार्ड पार्षद भी बेमानी करने से नहीं चुक रहे है एक तरफ इस वार्ड में कई ऐसे सडक मौजूद है जो कई गडढो से भरा हुआ है बावजूद पार्षद कभी नींद से नहीं जागे लेकिन इसी वार्ड में जिस जगह पर कोई रहवासी नहीं हो बावजूद निजी भूमि में सडक निर्माण किये जाने से अधिकारियों के नियत पर सवालों की झड़ी लगते नजर आ रही है द्य

**जिम्मेदारी तय हो, अफसरों पर कार्रवाई हो**

अवैध कालोनियां हों या अन्य अवैध निर्माण इन पर सख्ती से रोक लगना चाहिए। इस मामले में जिम्मेदारी तय करके संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होना चाहिए। अवैध कालोनियों को वैध करना गैरकानूनी काम को बढ़ावा देने के समान है।

**आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो को शिकायत की तैयारी**

उक्त सड़क निर्माण के लिए जिस तरह अधिकारियों ने अनदेखी कर निर्माण कार्य को अंजाम दिया गया है जिससे भ्रष्टाचार की बदबू साफ़ नजरो से भी दिखाई दे रहा है द्य उक्त निर्माण के पास ही मौजूद कालोनी निर्माण के दौरान से ही विवादों से घिरा हुआ है जो कि माननीय न्यायालय



में विचाराधीन है इसी के आड़ में अधिकारी व् पार्षद मिलीभगत कर लाखो कमाने के जुगत में निजी भूमि पर सारे नियम कायदे को तोड़ते हुवे निगम को नुक्सान पहुंचाकर अवैध ढंग से लाभ कमाने उक्त सडक को बनाया गया है इन संभावनाओं को इनकार नहीं किया जा सकता द्य उक्त मामले में सामाजिक संस्थाओं ने जल्द ही आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो को शिकायत कर जांच व् कार्यवाही की मांग किये जाने की बात कही है

### अवैध कॉलोनी को वैध करने निगम ने तोड़ दिए सारे नियम कायदा?

**अवैध कॉलोनी के सम्बन्ध में निगम अधिकारियों ने साधी चुप्पी**

उक्त निर्माण सड़क के सम्बन्ध में आयुक्त कुछ भी बताने को तैयार नहीं है आखिर क्यों ? चलती फिरती जवाब देते हुवे बताते है कि उक्त निर्माण के लिए भूमि स्वामी द्वारा उक्त भूमि को दान कर दिया है इसीलिये उक्त जगह पर सडक निर्माण को की गयी है द्य जबकि राजस्व रिकार्ड में आज भी उक्त भूमि निजी नामो पर कृषि भूमि दर्ज है और ना ही निर्माणधीन एजेंसी के पास कोई भी कालोनी निर्माण संबंधी दस्तावेज है।

# कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीकृत निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन के लिए सक्रियतापूर्वक और जिम्मेदारी से कार्य करने कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत किये गए है, उसे शीघ्र प्रारंभ करें और जो कार्य निर्माणाधीन है उसे पूर्ण करें। उन्होंने गांवों में सड़क निर्माण करने के समय विशेष ध्यान देने कहा। गांव में सड़क निर्माण के दौरान नाली सीधी रहे यह सुनिश्चित करने कहा। जिससे पानी की निकासी आसानी से हो सके। उन्होंने मोड़ वाली स्थानों में सड़कों पर तकनीकी रूप से उसमें स्पीड ब्रेकर बनाने कहा। जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सभी स्कूल भवनों का लगातार निरीक्षण करने कहा। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे संबंधित क्षेत्रवासियों को इसका लाभ समय पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण के लिए भू-अर्जन किया गया है उन किसानों को समय पर राशि भुगतान करने कहा। उन्होंने बाढ़ से क्षतिग्रस्त निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने कहा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग और सेतु निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पॉलीटेक्निक कालेज में प्रदर्शनी ने जनजातीय कला को दी नई पहचान





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलीटेक्नीक कालेज में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम का समापन जनजातीय थीम पर आधारित प्रदर्शनी के साथ हुआ। इस प्रदर्शनी में जनजातीय कला, परंपरा, और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में ट्राइबल पेंटिंग, क्राफ्ट, ड्रेस, और ज्वेलरी के माध्यम से विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति को दर्शाया गया। छत्तीसगढ़ के गोदना आर्ट, उड़ीसा की सौरा पेंटिंग, कर्नाटक की चित्तारा पेंटिंग, और आंध्रप्रदेश की कलाकारी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, जनजातीय परिधानों और पारंपरिक ज्वेलरी ने प्रदर्शनी में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. एम. के. चौबे के मार्गदर्शन में किया गया। प्रदर्शनी की संयोजक डॉ. सविता चौधरी और सह-संयोजक नेहा ठाकुर, डॉ. हुमिका ताम्रकार, रीता पात्रो, तथा अनुराधा ध्रुव ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में छात्राओं केसरी साहू, टिकेश्वरी, वैशाली मेश्राम, पल्लवी साहू, वेणु, गोपिका, टेलिसा साहू, प्रभा, स्नेहा जैन, लोकेश्वरी, खुशी, इंदु साहू, हर्षा यादव, कुसुम, और अदिति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व छात्राओं / एलुम्नी की उपस्थिति ने इस आयोजन को और विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मृदुल रत्न चौरसिया, डॉ. के. के. कटेंद्र, राजीव तिवारी, पात्रिक मिंज, डॉ. हरनीत कौर भाटिया, हेमलता लहरे, स्मिता सोनपिपरे, प्रशांत शर्मा, और केदार सिंह राजपूत ने प्रतिभागी छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।यह प्रदर्शनी न केवल जनजातीय कला और परंपरा को संरक्षित करने का प्रयास थी, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का प्रेरणादायक कदम भी साबित हुई।

# जिला कार्यकारिणी का गठन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ जिला राजनांदगांव का मीटिंग लाभेश पगारे जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ , सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ से पुरूषोत्तम चतुर्वेदी प्रांतीय सचिव तथा अमित पारधी प्रांतीय संगठन सूचना प्रभारी ।के नेतृत्व में मीटिंग रखा गया ,आज के मीटिंग में राजनांदगांव का जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सुश्री अंजलि कथोलिया को सर्वसम्मति से जिला संयोजक राजनांदगांव नियुक्त किया गया कामिनी नेताम सचिव, चमेशवरी ठाकुर कोषाध्यक्ष, रोमेश वर्मा मीडिया प्रभारी नियुक्त किया ।इसके साथ ही सचिन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष घुमका , तस्मीन खान ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव, लक्ष्मी निर्मलकर ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़, आशीष कुंभकार ब्लॉक अध्यक्ष छूरिया नियुक्त किया गया।

## सरेआम शराब पीते 7 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब



पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।मिली जानकारी जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने साई मंदिर के पास महावीर नगर में सरेआम शराब पीते आरोपी दीपक कुमार आहूजा 44 वर्ष, मौदहापारा पुलिस ने प्रहलाद भारद्वाज 35 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राकेश साहू 30 वर्ष, सुरेन्द्र देवांगन 21 वर्ष व पुरूषोत्त विश्वकर्मा 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# गायत्री गुरुकुल के बच्चों ने गुरुद्वारा बन्दी छोड़ पातशाही 6 का शैक्षणिक भ्रमण किया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गायत्री गुरुकुल राजनांदगांव के बच्चों ने गुरुद्वारा बन्दीछोड़ पातशाही 6 तुमड़ीबोड़ का शैक्षणिक भ्रमण किया, जहां उन्हें अध्यात्म और सेवा का अमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ। गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज जी ने बच्चों को सिख धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों और सेवा के महत्व को सरल और प्रेरक तरीके से समझाया। इस अवसर पर बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए, जो सेवा और साझा करने की भावना का प्रतीक था। गुरुकुल की हेड, श्रीमती दीपाली राईचा जी भी इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और बच्चों को ऐसे स्थानों से जुड़ने की सीख दी, जहां वे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को समझ सकें। इस शैक्षणिक भ्रमण ने बच्चों को धार्मिक सहिष्णुता, सेवा और सद्भाव के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया, जिससे वे भविष्य में बेहतर नागरिक बन सकें।



## सुल्तानूल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार में हफीज खान ने चादर चढ़ाकर देश में अमन, चैन, शांति व देश की तरक्की की दुआ मांगी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान, हाजी शफीक अहमद, मोहम्मद



असलम, हसनैन रजा, मोहम्मद अली आदि ने खादिम नवाज हाशमी के साथ सुल्तानूउल हिंद ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्ला अलेह एवं ख्वाजा गरीब नवाज (अजमेर शरीफ)के शहजादे ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती (सरवाड शरीफ) में जियारत कर चादर चढ़ा कर राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं देश में खुशहाली एवं अमन चैन की दुआ मांगने के साथ साथ देश में तरक्की के लिए दुआ मांगी।

## जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक 19 नवम्बर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व शौचालय दिवस 2024 के अवसर पर जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक 19 नवम्बर 2024 दोपहर 12.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में संबंधितों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदंश से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

**शुभांक**

1-4-8

460-0 168-5

**भाग्यांक**

199-9 117-9

# देवांगन समाज द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन




**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर इकाई देवांगन समाज डोगरगांव द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन परमेश्वरी भवन डोगरगांव में धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला देवांगन समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष दुर्जन देवांगन रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिला देवांगन समाज के सचिव नरेन्द्र देवांगन, समाज सेवक मोरध्वज देवांगन एवं राज देवांगन समाज डोगरगांव के अध्यक्ष मुकेश कुमार देवांगन, सह सचिव लखन देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम देवांगन समाज के कुलदेवी माता परमेश्वरी का पूजा अर्चना किया गया एवं सामूहिक माता परमेश्वरी का आरती किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा समाज के विकास के लिए एवं वर्तमान समय लड़की लड़को के विवाह कार्य में संबंध जोड़ने में विभिन्न प्रकार के समस्या उत्पन्न हो रहा है उसके समाधान निकालने की समझाइश दिया गया। ताकि समाज के समस्याओं को सब मिलकर दूर किया जा सके। राज के अध्यक्ष मुकेश देवांगन द्वारा अपने उद्बोधन में समाज को आगे बढाने के लिए सामूहिक एक जुटता पर जोर दिया गया। अंत में नगर इकाई देवांगन समाज डोगरगांव के अध्यक्ष तीरथराम देवांगन द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया एवं साकरदाहरा देवरी में नवनिर्मित परमेश्वरी मंदिर में नए मूर्ति स्थापना के संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में अकबर राम, डोल कुमार, गजेन्द्र, टिकेश्वर, नरेंद्र, पुषण, राजाराम , तीरथराज, अश्वनी, चंदा बाई, मालती, लता, ललिता, सरस्वती, अरूणा, पद्मा, आदि बडी़ संख्या में स्वजातीय बन्धुओं की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ।

## युगांतर में सोलो डांस कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए सोलो डांस



कॉम्पिटिशन का शानदार आयोजन हुआ। कॉम्पिटिशन में नन्हें विद्यार्थियों ने अपनी मन मोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियाँ बटोरी। कॉम्पिटिशन में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। संस्था के निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोटड़िया ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, जिससे वे अपनी प्रतिभाओं को तराश सके। आगे उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यह कॉम्पिटिशन विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी के मार्गदर्शन में प्री प्राइमरी की सेक्शन इंचार्ज सेजल शर्मा ,अदिति चौरसिया, कनीज फातिमा, रश्मि बजाज, ऋचा मेहरा के सहयोग से सफलतापूर्वक संचालित हुआ। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी,सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

# लालबाग और शाहिद राधे मोतीपुर की रोमांचक जीत, स्व. सुरजीत कौर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज दिनांक 17 नवम्बर को 2 मैच खेला गया जिसके तहत पहला मैच यूथ क्लब विरुद्ध शाहिद राधे मोतीपुर के मध्य खेला गया जिसमें शाहिद राधे मोतीपुर ने यूथ क्लब को 6-4 गोलो से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान बना लिया दोनों ही टीमो के मध्य संघर्ष पूर्ण मुकाबला दर्शको को देखने को मिला दोनों ही टीम लगातार एक दूसरे के गोल पोस्ट में गोल करती रही मैच के मध्यंतर तक दोनों ही टीम 4-4 गोल की बराबरी पर रही मैच के मध्यंतर के बाद शाहिद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने अपने डी के अंदर बीच बचाव करते हुए कोई भी गोल नही होने दिया वंही मैच के 36वे मिनट और 38वे मिनट में शहीद राधे मोतीपुर के खिलाड़ियों ने गोल करते हुए मैच को 6-4 गोल से जीत लिया शाहिद राधे मोतीपुर की ओर से जिम्मी साहू ने 2 गोल दलबीर सिंह ने 2 गोल और राजेश निर्मलकर व गुमान साहू ने 1-1 गोल किये वंही यूथ क्लब की ओर से टीम के कप्तान ज्ञानचंद जैन



ने 2 गोल अब्दुल कादिर और गुलशन यादव ने 1-1 गोल किये आज खेले गए दूसरे रोमाचक मुकाबले में लालबाग ने दिग्विजय क्लब को 2-1 गोल से पराजित किया दोनों ही टीम मैच के हाफ टाइम तक कोई भी गोल नही कर पाई थी किन्तु मैच के हाफटाइम के बाद सीनियर मॉर्निंग ग्रुप द्वारा बनाये गए नियम के तहत 3 पैनल्टी कार्नर पर 1 पैनल्टी स्ट्रोक में दिग्विजय क्लब के टीम को मिला जिसे अमित माथुर ने गोल में दबदिल कर 1-0 गोल से बढ़त बनाई हुई थी वंही मैच के 31 वे मिनट में लालबाग टीम के पूर्णचंद यादव ने मैदानी गोल करते हुए 1-1 गोल की बराबरी पर ला दी मैच के 32 वे मिनट में लालबाग को भी पैनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे किशोर धीवर ने गोल करते हुए यह मैच 2-1 गोल से जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। आज के मैच के दौरान श्री शिव वर्मा (पूर्व नेता प्रतिपक्ष) मुन्ना यादव (समाज सेवी) संचित बग्गा(समाज सेवी) फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी,शिवनारायण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, नीलम चंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी,रमेश डाकलिया,भूषण सॉव, ज्ञानचंद जैन,बाल मुकुंद पटेल ,मृणाल चौबे अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी,अब्दुल कादिर,चंदन भरतद्वज, प्रिंस भाटिया आयोजन सचिव ,ने मैदान के बीच जाकर खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। आज खेले गए सभी मैच में किशोर धीवर,राजेश निर्मलकर,दिलीप रावत,अभिनव मिश्रा,हारून खान,खेमराज सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

nandgaon times 19nov-3.qxd 11/18/2024 11:59 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?*
*2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?*
*3) हाल ही में, उत्तर प्रदेश के किस शहर में राज्य की पहली डबल-डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ किया गया?*
*4) हाल ही में, पहले आकाशीय अभ्यास अंतरिक्ष अभ्यास-2024 का आयोजन कहाँ किया गया?*
*5) हाल ही में बुकर पुरस्कार 2024 से किसे सम्मानित किया गया?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )




## उत्तर माला

(1) बलजेक हवाई अड्डा, मेघालय (2) इलाहाबाद
(3) लखनऊ (4) नई दिल्ली (5) सामंथा हार्वे

# श्रीराधे मिनरल्स बना अग्रसेन प्रिमीयर लीग सीजन-6 का चैम्पियन








**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अग्रसेन प्रिमीयर लीग के टाईटल स्पांसर रचित शशांक अग्रवाल ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया जिसमें श्री राधेमिनरल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें श्री हुनमान राईसमिल ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 91 रन बनाये तथा विरोधी टिम को 92 रनों का लक्ष्य दिया जिसे राधे मिनरल्स की टिम ने बडी आसानी से 7.3 ओवरों मे ही दो विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया जिसमें नवीन अग्रवाल ने धुआधार बल्लेबाजी करते हुये 22 गेंद पर 42 रनों का योगदान देकर जीत दिला दी इस फायनल मैच के मैन ऑफद मैच रहे नवीन अग्रवाल को इस प्रतियोगिता के मैन आर्फद सीरिज का खिताब भी दिया गया। बेस्ट बल्लेबाज का ईनाम विशेष अग्रवाल को दिया गया। बेस्त गेंदबाज का ईनाम आर्यन अग्रवाल को मिला। बेस्ट क्षेत्ररक्षक का ईनाम नवीन अग्रवाल को मिला। और पूरे प्रतियोगिता में केमेंटेटर के रूप पीन्टू सर तथा एंकर श्रद्धा बाफना एवं आम्पायर के रूप दलजीत सिंग एवं कमल साहू, स्कोरर संदीप कोरी, डिजीटल स्कोरर यश ठाकूर, मैन्युवल स्कोरर हार्षिल रहे।क्लोजिंग सेरोमनी के मुख्य अतिथि रियल ग्रुप के चेयरमेन राजेश अग्रवाल रायपुर अध्यक्षता श्री राम गोपाल गर्ग जी आई0 जी0 दुर्ग होगें व श्री आनंद सिंघानिया एम डी अविनाश ग्रुप रायपुर होगें टाईटल स्पांसर सनग्रुप के एमडी श्री सुनिल अग्रवाल जी अध्यक्षता श्री मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट डोगंरगढ श्री समीर पोददार जी सत्या बिल्डकॉन तथा संतोष अग्रवाल जी राधाकृष्ण एजेसी राजनांदगांव होगें। अग्रसेन प्रिमीयर लीग के वरिष्ठ सदस्य अतुल अग्रवाल, सीए विनोद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, डॉ शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा, अंकुश अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, विकास गोयल, दिव्यांश अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, गौरव अग्रवल, अमित अग्रवाल अक्की, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, निंकुज सिंघल, अंकित लोहिया, अर्चित अग्रवाल, ने बताया कि पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज की एवं आमजन का विशेष सगयोग एवं उत्साह देखते ही बनता है प्रतियोगिता के अध्यक्ष अंकुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने कहा की सदस्यगणों को इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु आभार एवं बधाईदी । यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल व नमन पोददार ने दी ।

## चरित्र शंका और प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर पति की हत्या करने वाली आरोपिया जेल दाखिल

अरविन्द तिवारी



**रायगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** पति की चरित्र शंका और प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर धारदार हथियार टांगी से गले में वार कर पति के हत्या की घटना को अंजाम देने के आरोपिया पत्नी को लैलूंगा पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी ने अरविन्द तिवारी को बताया कि गत दिवस 16 नवंबर की सुबह ग्राम पहाड़लुडेग में नीलांबर यादव का शव उसके घर में खाट पर पड़ा मिला , उसके गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। मृतक के चचेरे भाई सेतराम राउत ने बताया कि नीलांबर आठ साल पहले तिलासो माझी को पत्नी बनाकर घर लाया था और दोनों का चार साल का बेटा भी है। घटना के दिन गांव में कार्तिकेश्वर मेला था , जहां परिवार के अन्य सदस्य गये थे। सुबह निलांबर की हत्या की सूचना मिलने पर घर पहुंचे तो शव खाट पर पड़ा मिला। अज्ञात आरोपी के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देश पर लैलूंगा थाना प्रभारी और उनकी टीम ने घटनास्थल की गहन पड़ताल और डॉग स्क्वाड की मदद से सबूत जुटाये। पूछताछ के दौरान पत्नी तिलासो माझी पर शक गहराया। कड़ी पूछताछ में तिलासो ने कबूल किया कि उसने 16 नवंबर को भोर में अपने पति नीलांबर यादव की हत्या की। उसने बताया कि मेला देखने के बाद रात तीन बजे वह घर लौटी और पति के साथ सो गई , सुबह जब वह दोबारा मेला जाने की तैयारी कर रही थी , तभी दोनों में झगड़ा हुआ। चरित्र शंका और प्रताड़ना से परेशान होकर उसने घर में रखी टांगी से नीलांबर के गले पर वार कर दिया , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तिलासो माझी ने हत्या में प्रयुक्त टांगी को पुलिस के सामने पेश किया , जिसे जप्त कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन , एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में इस हत्याकाण्ड मामले का पटाक्षेप हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े , उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार , सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम , प्रधान आरक्षक रामरतन भगत , जयशरण चन्द्रा , आरक्षक मयाराम राठिया , सुरेश मिंज का सराहनीय योगदान रहा।

## निधन



**कुमारी बाई यादव**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोक गायक मनोहर यादव की माता कुमारी बाई यादव का सोमवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 73 वर्ष कीं थीं। अंतिम मयात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे शीतलापारा स्थित निवास से से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार मोतीपुर-ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे तीन पुत्रों मनोहर, गोवर्धन व गोविंद का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ देने वार्डो में शिविर प्रारंभ

### योजना के लिये संभावित पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण के लिये 21 व 27 नवम्बर को वार्डो में शिविर



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिये वार्डो में आज शिविर आयोजित किया गया, शिविर में वार्ड के संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) किया जा रहा है। वार्डो में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने लोगों ने पहुॅच ऑनलाईन आवेदन एवं दस्तावेज के संबंध में जानकारी ली। दिनांक 21 व 27 नवम्बर को भी वार्डो में शिविर आयोजित किये जायेगे।आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डो में 18, 21 व 27 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी में आज सभी वार्डो के लिये शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वार्ड के लोग पहुॅचकर आवास योजना के आवेदन प्रक्रिया व दस्तावेंज के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने बताया कि जाति का लाभ मिलने वाले हितग्राहियो में कुछ के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है, जिनके पास नही है, उन्हें जाति प्रमाण पत्र जल्द बनावाकर लाना होगा, क्योकि ऑनलाईन आवेदन में दस्तावेज अनिवार्य होता है। अपूर्ण दस्तावेंज पर आवेदन स्वीकार्य नही होता। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि वार्डवासियों की सुविधा के लिये 21 व 27 नवम्बर को भी शिविर आयोजित किये जायेगे। शिविर में संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर आवेदन भराया जायेगा। वार्डवासियों की सुविधा के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में छुटे हुये हितग्राहियों के लिये नियम में संशोधन कर द्वितीय चरण का प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 लागू किया गया है, जिसमें 2015 के स्थान पर 31 अगस्त 2024 में निवासरत परिवार की पात्रता की गयी है, इसी प्रकार हितग्राही को आवास निर्माण के लिये 2 लाख 25 हजार के स्थान पर 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, साथ ही 365 वर्गफीट के स्थान पर 450 वर्गफीट में आवास निर्माण किया जाना है। इस प्रकार नियम में संशोधन से अधिक सें अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की है कि आवास योजना का लाभ लेने निर्धारित तिथि को आयोजित शिविर में उपस्थित होकर आवेदन करे।

## 20 नवम्बर को वार्ड नं. 1,2 व 4 में एवं 21 नवम्बर को वार्ड नं. 3,6,8,10 व 11 में शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अक्टूबर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 20 नवम्बर 2024 से 10 दिसम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 20 नवम्बर को को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 21 नवम्बर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में तथा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह अक्टूबर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

### बच्चों ने लगाये नाना प्रकार के व्यजंनों के स्टॉल, पालकों की उमड़ी भीड़



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में संचालित बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल दिवस के मौके पर वृहद बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल कैम्पस में नाना प्रकार के व्यजंनों के स्टॉल लगाये, जिसमें पालकों तथा नगरवासियों की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी। लोगों ने बच्चों द्वारा लगाये गये स्टॉल में मौजूद व्यजंनों का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरपर्सन गिरिश कुमार सोनी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन अर्चन तथा फीता काटकर किया। पश्चात् सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को आजाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जिसे लोग प्यार से चाचा नेहरू कहते हैं, चाचा इसलिए भी क्योंकि वह बच्चों से बहुत स्नेह करते थे, बच्चों के सबसे प्रिय थे। वे बच्चों को देश का भावी निर्माता मानते थे, यही वजह रही कि 14 नवंबर को उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। बाल मेला में बच्चों ने दही बड़ा, चॉट मसाला, गुपचुप, गुलाब जामुन, केन्डी, कोल्ड ड्रिंक, पॉपकार्न, मोमोस, सैंडविच सहित अनेक प्रकार की खाद्य सामग्रियों के स्टॉल लगाये, जिसकी जमकर बिक्री हुई। बीच बीच में बालमेला में मनोरंजन के लिए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सुबह लगभग 11 बजे से प्रारंभ बाल मेला सायं 4 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंध समिति के सचिव बिरेन्द्र राजपूत, प्रिंसीपल नीलेश श्रीवास्तव, हेड मिस्ट्रेस धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, लक्ष्मी शर्मा, शिवराज शांडिल्य, माधुरी साहू, सुमन साहू, ऐश्वर्या ध्रुव, उषा साहू, तेज साहू, पिंकी देवांगन, नीरज साहू, महिमा देवांगन, पल्लवी यदु, रेशमी साहू, तामेश्वर साहू, उमेश यादव, शिव यादव, धनंजय नायक, परमेश्वरी कंवर, रितिका धावड़े, ज्योति, प्रियंका पटेल, चंद्रप्रभा, प्रीति साहू आदि का योगदान रहा।

# आरक्षक भर्ती: 5967 पदों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा हुई शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक के 5967 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए दस्तावेजों की जांच, शारीरिक माप-जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू हो गई है। इसके लिए रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, जगदलपुर और कोंडागांव में केंद्र बनाए गए हैं।

जनवरी के पहले सप्ताह तक यह प्रक्रिया चलेगी। जानकारी के अनुसार, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, माना रायपुर में करीब 92 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इस भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले दस्तावेजों की जांच होगी। इसके बाद शारीरिक माप-जोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसमें 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित अन्य शारीरिक परीक्षण शामिल होंगे। इनके आधार पर अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें सामान्य ज्ञान, बुद्धि क्षमता, विश्लेषण क्षमता और अंकगणित के प्रश्न पूछे जाएंगे।

## निधन

**अनार बाई देवांगन**



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम भेड़ीकला निवासी अनार बाई देवांगन पति स्व पदुम लाल देवांगन 96 वर्ष का निधन 18 नवंबर को हो गया है उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम भेड़ीकला में 19 नवंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा वे डोंगरगांव दस्तावेज लेखक संतोष देवांगन की माता थी।

## धर्म समाचार....

# घर की इस दिशा में भूलकर भी न लगाएं अनार का पेड़, खाली हो जाएगी तिजोरी



अनार का पेड़ हिंदू धर्म में लक्ष्मी और विष्णु के वास का प्रतीक माना जाता है। इसे शुभ दिशा में लगाने से घर में धन, सुख, और समृद्धि आती है, जबकि गलत दिशा में लगाने से नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं अनार का पेड़ लगाते समय किन दिशाओं का ध्यान रखना चाहिए और किन दिशाओं से परहेज करना चाहिए।

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है, उनमें से एक प्रमुख है अनार का पेड़, जिसे माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु का प्रिय माना जाता है। इसे घर में लगाने से न केवल सुख-समृद्धि, बल्कि धन और बरकत भी आती है। वास्तु शास्त्र में अनार का पेड़ लगाने के लिए सही दिशा का चुनाव करना बहुत जरूरी है, वरना इसके नाकारात्मक परिणाम भी मिल सकते हैं। एक अनार रोज खाने के कई फायदे हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अनार के पेड़ में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का वास होता है। इसे घर में लगाने से न केवल आर्थिक स्थिति मजबूत होती है, बल्कि घर में सुख-शांति और समृद्धि भी बनी रहती है। मान्यता है कि जिस घर में अनार का पेड़ लगा होता है, वहां परिवार को कभी आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ता। वास्तु शास्त्र में अनार के पेड़ को लगाने के लिए आग्नेय कोण सबसे शुभ माना जाता है। आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्व दिशा में इसे लगाने से धन लाभ और वंश वृद्धि होती है। इसके अलावा, मुख्य द्वार के दाएं ओर अनार का पौधा लगाना भी शुभ माना जाता है, क्योंकि इससे घर में लक्ष्मी का वास होता है और समृद्धि बनी रहती है। अनार का पेड़ दक्षिण दिशा में कभी नहीं लगाना चाहिए, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है। इसके अलावा, घर के बीच में या उत्तर-पश्चिम दिशा में भी अनार का पेड़ नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से घर में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं और पारिवारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। अनार का पौधा अगस्त से सितंबर या फरवरी से मार्च के बीच लगाया जा सकता है। गर्म इलाकों में, बीज सितंबर से नवंबर के बीच भी लगाए जा सकते हैं। घर के गार्डन में लगाते हैं तो बड़े गमले का उपयोग करें, जिसमें नीचे छेद हो। मिट्टी में ह्यूमस, कंपोस्ट और पेड़ की खाद डालें। पौधा ऐसी जगह रखें, जहां भरपूर धूप मिले। अनार के पौधे को लगाने के लिए 5-6 मीटर की दूरी पर पौधों को रोपें। गड्ढे की लंबाई, चौड़ाई और गहराई लगभग 60 सेंटीमीटर होनी चाहिए। गर्मियों में सिंचाई 5-7 दिनों में और सर्दियों में 10-12 दिनों में करनी चाहिए। अनार का पौधा 3-4 साल में फल देना शुरू करता है। फलों को पूरी तरह पकने के बाद 120-130 दिनों में तोड़ा जाता है। अनार फ्रूट ऑफपैराडाइज है, जो एंटीऑक्सिडेंट, फाइबर और विटामिन्स से भरपूर होता है। यह त्वचा के उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है, पाचन सुधारता है, इम्यूनिटी बूस्ट करता है और हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाता है।

## कालाष्टमी पर दुर्लभ 'इंद्र' योग का हो रहा है निर्माण, प्राप्त होगा दोगुना फल



हर महीने कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर मासिक कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। साथ ही काल भैरव देव की उपासना की जाती है। धार्मिक मत है कि जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 22 नवंबर को मासिक कालाष्टमी है। यह पर्व हर माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव के रौद्र रूप काल भैरव देव की कठिन साधना एवं उपासना की जाती है। काल भैरव देव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। तंत्र सीखने वाले साधक सिद्धि प्राप्ति के लिए कालाष्टमी पर्व पर काल भैरव देव की कठिन साधना करते हैं। कठिन भक्ति से प्रसन्न होकर काल भैरव देव मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर दुर्लभ इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही कई अन्य मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में काल भैरव देव की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी।

**कालाष्टमी शुभ मुहूर्त** - वैदिक पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 22 नवंबर को संध्याकाल 06 बजकर 07 मिनट पर शुरू होगी और 23 नवंबर को संध्याकाल 07 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। कालाष्टमी पर निशा काल में काल भैरव देव की पूजा की जाती है। अतः 22 नवंबर को मासिक कालाष्टमी मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर काल भैरव देव की पूजा की जाएगी।

**इंद्र योग** - ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह की कालाष्टमी पर दुर्लभ ब्रह्म योग का निर्माण हो रहा है। इस शुभ योग का संयोग सुबह 11 बजकर 34 मिनट तक है। इसके बाद इंद्र योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग 23 नवंबर को सुबह 11 बजकर 42 मिनट तक है। इन योग में काल भैरव देव की पूजा करने से साधक को अमोघ फल की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही रवि योग का संयोग सुबह 06 बजकर 50 मिनट से शाम 05 बजकर 10 मिनट तक है।

nandgaon times 19nov-3.qxd 11/18/2024 11:59 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जाँच रिपोर्ट के बाद कसे जायेंगे राईस मिलरो पर शिंकजा



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राईस मिल में छापेमारी की कार्यवाही के 05 दिन बीत जाने के बाद आगे की कार्यवाही यथावत पड़ी हुई है जिसको लेकर कई यक्ष प्रश्न उठने लगे है. राईस मिल में छापेमारी के बाद यह बात प्रमुखता से सामने आई थी कि कई मिल संचालक उसना चावल का निर्माण कर अपने फर्म के नाम से पैकिंग करने के बजाए अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल की पैकिंग कर दूसरे देशों में भेजा जा रहा है. ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियो की टीम गठित कर शहर स्थित अरोरा राईस मिल में छापेमार कार्यवाही की गई. प्राप्त समाचार में बताया गया था कि 14 नवम्बर को अरोरा इंडस्ट्रीज प्रो. बसंत कौर अरोरा पति जनरैल सिंह अरोरा के राईस मिल का स्टॉक पंजी की जांच व भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में 05 स्टॉक धान का होना पाया गया एवं मिल के बाहर पोल्ट्री फॉर्म चौथना में 01 स्टॉक धान का होना पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया जिसके मिलान के बाद राईस मिल में अनुमानित स्टेकवार में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया. जाँच के बाद कुल 37555.80 क्विंटल धान का होना पाया गया. मौके पर उपस्थित स्टॉक रजिस्टर जाँच किया गया जिसमें 37319 क्विंटल पाया गया जो कि मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया. अतिरिक्त मिले धान की जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19(4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की थी. इस कार्यवाही में प्रमुख रूप से एसडीएम मनोज मरकाम, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डुमेंद्र ध्रुव,अतिरिक्त तहसीलदार राजेश नेताम कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिध्दार्थ मिश्रा एवं कृषि मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर सहित जाँच टीम उपस्थित थी और इस दौरान उसना चावल के प्लास्टिक कट्टे में अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल का गोरखधन्धा होने की जानकारी सामने आई थी और उसी दिन सीलीपाट सीमेंट फैक्ट्री स्थित रेल यार्ड में 200 से अधिक ट्रकों में उसना चावल भरकर रेल यातायात के माध्यम से विशाखापट्टनम के रास्ते अन्य देश जैसे नाईबेरिया (साउथ अफ्रीका) भेजे जाने की जानकारी मिली थी. वहीं जानकारी लेने पर बताया गया था कि गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर के द्वारा माल वैगन में उसना चावल के लोडिंग करवाया जा रहा था. खुलासे के बाद यह चर्चा सामने आई है कि कई अन्य राईस मिलरो के द्वारा भी इस गोरखधन्धे को सरेआम धड़ल्ले से किया जा रहा है परंतु सक्षम अधिकारी के द्वारा इन राईस मिलरो के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं करना कई प्रकार के सवाल खड़े कर रहे है. इसको लेकर जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुव से चर्चा करने पर बताया गया कि उसना चावल के सैम्पल को जाँच के लिए भेजा गया है जिसका रिपोर्ट आने में 15 दिन का समय लगता है व तीन अलग अलग विभागों के द्वारा जाँच की जा रही है जाँच रिपोर्ट आने के बाद संलिप्त राईस मिलरो के विरुद्ध आगे की कार्यवाही की जायेगी.



**मामला- उसना चावल के अफरा-तफरी का**



## श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) हेतु 93 यात्री रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना अंतर्गत 91 तीर्थ यात्रियों एवं उनके साथ 2 अनुरंक्षक (एस्कार्ट) सहित कुल 93 यात्रियों को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से रवाना किया गया। तीर्थ यात्रियों को आईआरटीसी द्वारा काशी विश्वनाथ एवं आयोध्या दर्शन कराकर 22 नवम्बर 2024 को वापस लाया जाएगा। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए जनपद पंचायत डोंगरगांव के सचिव ग्राम पंचायत पदुमतरा श्री ऑकर निर्मलकर तथा सचिव ग्राम पंचायत आरी श्री चमन साहू को अनुरंक्षक सहायक के रूप में भेजा गया है। तीर्थयात्रियों को जिला पंचायत कार्यालय से बस द्वारा रेल्वे स्टेशन दुर्ग तक पहुंचाया गया। रेल्वे स्टेशन दुर्ग से विशेष अतिथि के सहयोग से श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) स्पेशल ट्रेन से आईआरटीसी द्वारा दर्शन कराया जायेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीके कौशिक, उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, पंचायत एवं समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री हेमचंद देशलहरे, सहायक ग्रेड-3 श्री सुनील कुमार चुरेन्द्र, सहायक ग्रेड-3 श्री एमेश्वरी ध्रुव की उपस्थिति थे।

# पटरी पार क्षेत्र के बच्चों को खेलों से जोड़ने की अनूठी पहल : संतोष पाण्डेय

## खेल संस्कृति को बढ़ावा, खेलेगा छत्तीसगढ़-जीतेगा इंडिया : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खेल एवं खिलाड़ी उत्थान के लिए समर्पित छत्तीसगढ़ की अग्रणी खेल संस्था रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार क्षेत्र के बच्चों के जीवन में खेलों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न खेल सामग्री वितरित की गई, जिसमें हॉकी स्टिक , हॉकी बॉल, स्किपिंग रोप, हॉकी गोलकीपर किट, सिन गार्ड, प्लेइंग जर्सी, फुटबॉल , फिटनेस इक्विपमेंट्स जैसे उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम मे खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए उपस्थित सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरी पार के छेत्रों मे खेल के माध्यम से छोटे बच्चों में अनुशासन और सकारात्मक आदतों को विकसित करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की और कहा की बच्चों को खेल में संलग्न करने से उनमे स्वस्थ आदतें विकसित होंगे एवं बच्चे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन मे पटरी पार क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव सुविधा प्रदान करने की बात कही तथा खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों की प्रशंसा करते हुए उनके बच्चों को मैदान से जोड़ने की सराहना की। इससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और और पटरी पार क्षेत्र के बच्चे जिले, राज्य एवं देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार होंगे। कार्यक्रम मे छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने कहा की हॉकी खेल मे पटरी पार क्षेत्र के टीमों का एवं यहाँ के खिलाड़ियों का गौरव शाली इतिहास रहा है। ग्राउंड मे अपना समय देने से बच्चे मोबाइल और टीवी से दूर रहेंगे और शारीरिक और मानसिक विकास के जरिये बीमारियों से दूर रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने पटरी पार के बच्चों को नियमित नि:शुल्क अभ्यास चीखली स्कूल के मैदान मे दिए जाने की बात कही और सम्मानित अतिथियों इस बात से अवगत करवाया की चीखली स्कूल मे प्रात: साढ़े पांच बजे से सैकड़ो के संख्या मे बच्चे उत्साह पूर्वक खेल गतिविधियों मे भाग लेते है।उन्होंने बच्चों से खेलों में नियमित रूप से भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश शर्मा, अजय झा,गोविन्द यादव,अब्दुल कादिर, प्रिंस भाटिया,शकील अहमद, अनीश रजा, हारुन खान,जावेद खान, किशोर धीवर, दिलीप रावत, राजेश निर्मलकर, हेमू सोनी ने कहा की खेल न केवल शारीरिक रूप से फिट रहने का माध्यम हैं, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और आत्म-विश्वास का भी विकास करते हैं। इन बच्चों में असीम संभावनाएं हैं, और खेलों के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुनील साहू , समाज सेवी ललित नायडू, आशु लारिया , रवि कुंजाम , संदीप यादव , ब्रम्हा नंद चौबे , शेखर सिन्हा , शिवा चौबे , राधे साहू , तेजन राजपूत , लाल सिंह साहू , राजा राजपूत , बृज नेताम , पप्पू रामटेके , किशोर श्रीमटे , अमर जीत यादव , विष्णु नंद चौबे , राजेश यादव , सौरभ यादव , वासु सावक , लक्ष्मण पाल , चंदा साहू , मनोज साहू , अंजू सिंह , प्रतिमा भारद्वाज , मोनिका राजपूत , वंदना वर्मा , रागिनी श्रीवास्तव , श्रीमती मंजूलता राजपूत , डेजी मसीह , कल्प रानी , जामुन साहू , पायल वर्मा , मीणा विश्वकर्मा , श्रीमती सरिता चौबे , नम्रता चौबे सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्र के नागरिकों की उपस्तिथि रही। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उत्साहपूर्वक खेल सामग्री प्राप्त की और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम बढ़ाया।



## मेडिकल कॉलेज के मरीजों को अब सिटी स्कैन का लाभ मिल सकेगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय मेडिकल कॉलेज में बहुप्रतिक्षित लम्बे इंतजार और मांग के बाद सिटी स्कैन



मशीन की मांग लगभग पूर्ण होने की कगार पर है, शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज को अत्याधुनिक तकनीक वाली 128 स्लाइस आई इंड सिटी स्कैन मशीन से मेडिकल कॉलेज के मरीजों को अब सिटी स्कैन का लाभ मिल सकेगा। साथ ही हर माह में 15-15 दिनों में होने वाले डॉक्टरों के वॉकिंग इंटरव्यू को प्रतिदिन कर दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक डॉक्टरों की नियुक्ति हो सके। शासकीय मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस का कार्य भी सुचारू रूप से आरम्भ हो गया है। गत वर्ष सितम्बर 2023 से डायलिसिस का कार्य मेडिकल कॉलेज में शुरू किया गया था, इस एक वर्ष में कुल 1600 डायलिसिस किये गए। पिछले सितम्बर माह में 235 डायलिसिस किये गए, प्रतिदिन 10 से 12डायलिसिस मेडिकल कॉलेज में किये जा रहे है। अब मरीजों को डायलिसिस के लिए किसी निजी अस्पताल में जाने की आवश्यकता नहीं है।

# जीवन में राम से प्रेरित होकर काज करेगे तो शिव की तरह सांसारिक जीवन में रहते हुए अकामी, अभोगी व योगी बनेंगे- विष्णु अरोड़ा

## श्रेष्ठ संकल्प के साथ कार्य करने से परिणाम हमेशा श्रेष्ठ मिलगा - बालयोगी विष्णु अरोड़ा

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** रविवार से नगर के मां दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी में प्रारंभ हुई सात दिवसीय श्रीमद शिव महापुराण कथा के माध्यम से वनांचल में ज्ञान व भक्ति की गंगा बहने लगी है। श्रीमद शिवमहापुराण कथा के द्वितीय जीवन के सकल काज यदि अपने अराध्य राम से प्रेरित होकर करे तो निश्चित तौर पर हम सभी के जीवन का कल्याण होगा। कथावाचक बालयोगी विश्णु अरोड़ा जी ने कहा की यदि हम भगवान शिव जी की तरह राम से प्रेरित होकर काम करेगे तो भगवान शिव की तरह ही हम सासांरिक जीवन व गृहस्थ में रहते हुए भी योगी व अकामी के साथ अभोगी होंगे।

नगर के वार्ड 5 स्थित मां दंतेष्वरी मंदिर पहाड़ी व मंदिर परिसर में श्रीमद षिवमहापुराण कथा के पहले दिन से ही नगर व क्षेत्र के धर्म अनुरागियो व शिव भक्तो की भीड़ उमड़ने लगी है। कथा के दुसरे दिन आज पंडाल धर्मप्रेमियो से खचाखच भरा नगर आया। सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में कथा सुनाने पहुचे मध्यप्रदेश रतलाम निवासी देश के प्रसिद्ध संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने कहा की भगावन शिव तो भोलेनाथ है । वे तो हर किसी की इच्छा पुरे करने व वर देने के लिए तत्पर रहते है। यह तो हमारे सामर्थ्य व योग्यता के उपर है की हम अवघड़दानी से क्या क्या ले सकते है। कथावाचक बालयोगी महाराज ने पंडाल में धर्मप्रमियो को शिव सती का प्रसंग सुनाते हुए बताया की हमे अपने सांसारिक जीवन में भगवान शिव की तरह ही कार्य करना चाहिए। उन्होने बताया की भगवान शिव की तरह यदि हम काम रहित होकर और राम से प्रेरित होकर काम करेगे तो निश्चित तौर पर हर किसी के जीवन का कल्याण होगा। बालयोगी महाराज ने बताया की देवर्शी नारद जी विवाह नही कर भी भोगी व कामी कहलाए। क्योकि उन्होने काम से प्रेरित होकर अपने विवाह की तैयारी की थी। जबकि भगवान शिव ने समाज व संसार के भलई के लिए विवाह किया। कथावाचक ने लोगो को समझाया की वे अपने जीवन का हर काम राम को ध्यान में रखकर करे। बालयोगी महाराज ने भक्तो को श्रेष्ठ संकल्प के साथ कार्य करने का आहवान किया। उन्होने कहा की कथनी और करनी में अंतर नही रखना चाहिए। जीवन में वाणी के अनुसार ही कार्य किया जाना चाहिए। श्रेष्ठ संकल्प रहेगा और दसके अनुसार परिश्रम करेगे तो सौ फीसदी इस बात की गारंटी है की परिणा भी संकल्प की तरह ही श्रेष्ठ आएगा।




**शंका से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष नष्ट होता है**

श्रीमद शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के द्वितीय दविस व्यासपीठ से कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा ने धर्मप्रेमियो को बताया की शंका, संदेह व सांय विनाश व पतन का कारण है। किसी भी कार्य को करने से पहले किसी तरह की षंका व संदेह न करे। कथावायक ने भगवान शिव व सती के प्रसंग पर चर्चा करते हुए लोगो को सहज व सुलभ शब्दों में समझाया की शंका करने से अर्थ , धर्म, काम नश्ट होता है और मोक्ष की भी प्राप्ति नही होती है। उन्होने बताया की जीवन में गुजारे के लिए चाहे व्यापर करे या किसानी करे या नौकरी करे या पढ़ाई करे या कोई भी अन्य कार्य करे । सभी कार्य राम व शिव से प्रेरित होकर और उन पर विश्वाास करके करे तो हर कार्य सफल होंगे। जीवन में कभी भी विश्वास को न छोड़ । सदा अपने आप पर और भवान पर विश्वास बना कर रखिए। आप कभी असफल नही हो सकते है।

**जीवन में सकारात्कर दृश्टि व विचार रखिए**

श्रीमद ष्विमहापुराण ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी ने भक्तो को हमेशा पाजिटीव थिकींग पर कार्य करने को कहा। उन्होने कहा की हमे जीवन में सदैव सकारात्मक नजरिए से काम करना चाहिए और जीवन को पाजिटीव थिंक से सोचना चाहिए। यदि हम ऐसा कर पाते है तो जीवन में हम किसी भी फील्ड में कार्य करे निश्चित तौर हमारे राह में कोई बाधा नही आएंगी। उन्होने कहा की यदि हम गलत सोचेगे और हम अपने कार्य पर पहले से ही शंका होगी तो हम काम शुरू करने से पहले ही असफल हो जाएंगे। क्योकि हमने शुरूआत में ही अपने काम व लक्ष्य के लिए निराषाजनक विचार मन में ले आया है।

**गलती स्वीकार करना महानता के लक्ष्ण है**

श्रीमद शिव महापुराण कथा में भगवान शिव व सती के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा की माता सती ने भगवान राम पर संदेह किया । माता ने राम की परीक्षा लेने की कोशिश की। उन्होने अपने काम को भगवान शिव से छिपाने का प्रयास किया जिसका परिणाम माता सती को भोगनी पडी। माता को अपना देह त्यागना पड़ा। कथावाचक बालयोगी महाराज ने धर्म प्रेमियो को बताया की जो अपनी गलती को स्वीकार कर लेता है उससे महान कोई नही हो सकता है। क्योकि एक गलती को छिपाने हमे हजारो झूठ का सहारा लेना पड़ेगा और हमारा जीवन गलतियो से भरता चला जाएगा। इसलिए गलती स्वरीकार कर लेने में ही महानता है।

**आज पंडाल में शिव पार्वती विवाह कथा**

श्रीमद शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस मंगलवार को कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी द्वारा शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई जाएगी। कथा दोपहर 2 से सांय 5 बजे तक मंदिर परिसर में नित्य की भांति चलेगी। आयोजन समिति के प्रमुख नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर व वनांचल के धर्मनुरागियो से कथा का आनंद उठाने की अपील की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com